## एक नजर में

### मकर संक्रांति से पहले पुलिस ने चाइनीज मांझे की सप्लाई पकड़ी



**इंदौर.** त्योहार से पहले अवैध चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने के लिए पुलिस की सख्ती जारी है. एरोड्रम पुलिस ने दबिश देकर एक युवक को गिरफ्तार कर उससे बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांझा जब्त किया है. मकर संक्रांति के मद्देनजर शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का अवैध कारोबार रोकने के लिए पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर अभियान तेज कर दिया गया है. इसी के चलते एरोड्रम पुलिस ने छोटा बांगड़दा इलाके में कार्रवाई करते हुए 18 वर्षीय नीषार्थ पिता पवन सरसोदिया को पकड़ा. आरोपी मांझे की सप्लाई लेकर पहुंचा था, तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया. थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चाइनीज मांझे के 10 बड़े गट्टे बरामद किए हैं. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया.

### अभा मराठी साहित्य सम्मेलन में संदीप राशिनकर

**इंदौर.** 99वां प्रतिष्ठित अखिल भारतीय मराठी सम्मेलन सातारा में होने जा रहा है. 1 से 4 जनवरी के मध्य आयोजित इस सम्मेलन के लोकप्रिय कार्यक्रम कवि कट्टा में इंदौर के चित्रकार, कवि संदीप राशिनकर को काव्य पाठ के लिए आमंत्रित किया गया है.

### ओमप्रकाश भाईजी की पुण्यतिथि पर नेत्र व दंत परीक्षण शिविर



**इंदौर.** इंदौर जोन के संस्थापक एवं क्षेत्रीय निदेशक रहे ओमप्रकाश भाई की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल प्रभाग द्वारा ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में नि:शुल्क नेत्र और दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित सोलंकी ने कहा कि एक अच्छे चिकित्सक के मन में करुणा, संवेदनशीलता और सेवा का भाव होना चाहिए. चिकित्सा करना एक जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए ही इस तरह के आयोजन करते रहना जरूरी है. इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि ईश्वर ने नेत्रों का सुंदर उपहार हमें दिया है जिससे हम प्रकृति की, आसपास की सुंदरता को देख सकते हैं. वित्त एवं कारपोरेट कानून सलाहकार एवं समाजसेवी लायन वल्लभ मुराड़िया ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ एक आध्यात्मिक आंदोलन है जो निरंतर समाज की शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक कल्याण के लिए कार्यरत रहती है. कार्यक्रम में दंत चिकित्सक डॉ. रश्मी राठौर सोलंकी, स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. संगीता टावरी तथा जबलपुर से पधारे रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल विकास राव चौहान ने सभी को शिविर का लाभ उठाने की शुभप्रेरणा दी. संचालन डॉ. शिल्पा देसाई ने किया. मेडिकल विंग की जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने सबका आभार माना. 21 दिसंबर को ज्ञानशिखर में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सामूहिक ध्यान तथा ओमप्रकाश भाईजी की पुण्यतिथि पर प्रात: 9 से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है.

### वायईएफ भारत समिट 2025 आज

**इंदौर.** यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम भारत के मध्यप्रदेश चैप्टर द्वारा शहर में वायईएफ भारत समिट 2025 का आयोजन किया जा रहा है. 20 दिसंबर को होने वाला यह आयोजन नेशन फर्स्ट की सशक्त विचारधारा से प्रेरित, एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक फ्लैगशिप आयोजन है. इस आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जायेगा. इस अवसर पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. उनके साथ ही कार्यक्रम में ख्यात भारतीय पॉडकास्टर राज शमनानी, आध्यात्मिक वक्ता अमोघ लीला दास, फाउंडर तथा सीआईओ कार्नीलियन एसेट मैनेजमेंट विकास खेमनानी तथा अन्य विख्यात लीडर्स, हस्तियां और चेंजमेकर्स भी शामिल होंगे. समिट का आयोजन शहर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होगा. यंग एंटरप्रेन्योर्स फोरम के मिलन पटेल ने बताया देशभर से वायईएफ भारत समिट 2025 में 1,000 से अधिक युवा एंटरप्रेन्योर्स के शामिल होने की उम्मीद है. नेशन फर्स्ट अर्थात राष्ट्र सबसे पहले की मूल भावना की जड़ों से जुड़े वायईएफ का लक्ष्य एक ऐसे सहयोगी मंच को तैयार करना है जहां एंटरप्रेन्योर्स एक साथ आकर अपने आइडियाज और संसाधनों को साझा कर सकें और ऐसी संभावनाओं के द्वार खोल सकें जो बिजनेस वृद्धि और राष्ट्रीय उन्नति दोनों के मार्ग प्रशस्त करें. यह समिट समान विचारों और नैतिक मूल्यों से संचालित एक कम्युनिटी बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा. साथ ही नैतिक, जिम्मेदार और राष्ट्र केंद्रित बिजनेस प्रैक्टिस को बढ़ावा देगा जो देश की आर्थिक वृद्धि को गति दे सके.

### स्वदेशी हाट में महिलाओं के स्टार्टअप



**इंदौर.** अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के तत्वाधान में मध्यप्रदेश समग्र सेवा संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विराट स्वदेशी हाट का आयोजन विजयनगर चौराहा स्थित आईडीए मैदान में चल रहा है. यह मेला एमएसएमई, नाबार्ड तथा भारत सरकार के स्टार्टअप मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया है. यह आयोजन 22 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा. इसमें 27 राज्यों से आए 300 से ज्यादा हुनरमंद कलाकार और महिला उद्यमी अपने-अपने उत्पादों के साथ इस हाट में शामिल हुए हैं. इस वर्ष स्वदेशी हाट आत्मनिर्भर भारत- सुदृढ़ भारत- स्वदेशी सामान खरीदें, देश को समृद्ध बनाएं थीम पर आयोजित है. हाट में देशभर के कलाकारों द्वारा तैयार किए गए हैंडीक्राफ्ट, परिधान, ब्रास वुडन क्राफ्ट, होम डेकोर, हैंडलूम, फर्नीचर, क्रोशिया, हैंडमेड ज्वेलरी, कारपेट और घरेलू उपयोग के सामान सहित सैकड़ों पारंपरिक उत्पाद इंदौर वासियों को आकर्षित कर रहे हैं. हाट में इंदौर की महिला स्टार्टअप उद्यमी विशेष आकर्षण बनी हुई हैं. इंदौर की टेक्सटाइल डिजाइनर नैना पाटीदार ने छह माह पहले अपना स्टार्टअप शुरू किया और आज वे इको-फ्रेंडली व सस्टेनेबल क्रिएशन के साथ तीन महिलाओं के साथ मिलकर बेबु स्टिक और हैंडलूम फैब्रिक से तैयार टेबल और हैंगिंग लैम्प प्रस्तुत कर रही हैं. सरल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की संचालिका सोनिला मिमरोट भाटिया ने शहर की विभिन्न बस्तियों की 150 से अधिक महिलाओं और बच्चियों को 'वेस्ट टू बेस्ट' प्रोजेक्ट से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया है. स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पोरवाल ने बताया कि स्वदेशी हाट की शुरुआत वर्ष 2005 में चिमनबाग मैदान से हुई थी और तब से यह आयोजन प्रदेश के प्रमुख शहरों में लगातार आयोजित हो रहा है. यह मंच कला, संस्कृति और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने का मजबूत माध्यम बन चुका है. स्वदेशी हाट में कला और व्यापार के साथ-साथ सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिल रहे हैं.

### थाना हाजिरी नहीं देने पर जिलाबदर पर फिर केस दर्ज

**इंदौर.** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में जिलाबदर किए गए एक युवक पर पुलिस ने फिर मामला दर्ज किया है. आरोपी निर्धारित तिथि पर थाने में हाजिर नहीं हुआ था, जिसके चलते उसके खिलाफ बीएनएस और सुरक्षा अधिनियम के तहत फिर से प्रकरण दर्ज किया है. उपनिरीक्षक सतीश गर्ग ने बताया कि जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में जिलाबदर किए गए एक युवक पर कार्रवाई की गई है. आरोपी लक्की उर्फ लखन खटीक उम्र 30 वर्ष निवासी जोशी कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी को पहले जिलाबदर किया था और उसे प्रत्येक बुधवार को थाने में उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य था, लेकिन आरोपी ने यह शर्त पूरी नहीं की. वह माह नवंबर की निर्धारित तिथि पर थाने नहीं पहुंचा और आदेश का उल्लंघन करता रहा. आरोपी ने पुलिस आयुक्त द्वारा जारी जिलाबदर आदेश का पालन नहीं किया, जिसके बाद उसके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है. मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# राऊ में दिनदहाड़े फायरिंग करने वाले तीन आरोपी उज्जैन से धराए

- तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पकड़ा



**इंदौर. राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा गांव में दिनदहाड़े हुई फायरिंग की वारदात में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. तकनीकी साक्ष्यों की मदद से तीन शूटर्स को उज्जैन से पकड़ लिया है. पुलिस ने उनके पास से वारदात में इस्तेमाल देशी पिस्तौल और बिना नंबर की एक्टिवा भी जब्त की है.**

राऊ थानांतर्गत ग्राम रंगवासा में 13 दिसंबर को हुई फायरिंग की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. घटना के दौरान दो नकाबपोश युवक बिना नंबर की काली एक्टिवा पर आए और गांव के रहने वाले विनय पाटीदार पर गोली चलाकर फरार हो गए थे. फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही थी. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना से एक दिन पहले पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था. सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन सहित तकनीकी तथ्यों के आधार पर संदेही दीपक कहार को हिरासत में लिया. पूछताछ में दीपक ने खुलासा किया कि वारदात की साजिश बृजराज उर्फ राज बड़गुजर ने रची थी. आरोपी ने राहुल मालवीय की मदद से विनय पाटीदार पर फायरिंग करवाई.

### एक आरोपी पर उज्जैन में दर्ज हैं छह अपराध

वारदात के बाद पुलिस की विशेष टीम ने सक्रियता दिखाते हुए उज्जैन-देवास बायपास पर घेराबंदी की और राहुल मालवीय, बृजराज बड़गुजर और दीपक कहार को दबोच लिया. पुलिस उपायुक्त जोन 1 कृष्णा लालचंदानी ने बताया कि राहुल मुख्य शूटर है, जबकि बृजराज ने बदले की नीयत से हमला करवाया. गिरफ्तार आरोपियों में दीपक के खिलाफ उज्जैन में छह अपराध पहले से दर्ज हैं. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल एक अवैध देशी पिस्तौल और बिना नंबर की काली एक्टिवा बरामद की है. आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है. वारदात में अन्य की भूमिका की भी जांच की जा रही है.

# अवैध हथियारों के साथ तीन बदमाशों को दबोचा

- आरोपियों के पास से तलवार, चाकू, गंडासा बरामद

**इंदौर.** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार लेकर घूम रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. तीनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तलवार, चाकू और एक गंडासा बरामद किया है. पुलिस आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ कर रही है.

चैकिंग के दौरान पुलिस ने शहर के तीन अलग-अलग इलाकों से तीन आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है. पहली कार्रवाई गांधी नगर पुलिस ने की, जहां प्रधान आरक्षक सुनील चौहान की टीम ने अजय उर्फ अज्जु पोटली उम्र 30 वर्ष, निवासी बाहुबली नगर गांधी नगर को पितृ पर्वत के पीछे से पकड़ा. उसके पास से लोहे का एक गंडासा मिला. इसी तरह दूसरी कार्रवाई एमआईजी थाना क्षेत्र में की गई. यहां प्रधान आरक्षक चंदर सिंह चौहान ने बताया कि रुस्तम का बगीचा में रहने वाले 21 वर्षीय सागर मिमरोट को एलआईजी कॉलोनी में शिव मंदिर के सामने वाली गली से पकड़ा है. आरोपी तेज धारदार तड़तड़ी चाकू लेकर घूम रहा था. इसी तरह की तीसरी कार्रवाई रावजी बाजार पुलिस ने की. यहां प्रधान आरक्षक प्रतिपाल ने बताया कि मुराई मोहल्ला स्थित गाड़ी अड्डा ब्रिज के ऊपर से 23 वर्षीय अजय उर्फ फौजा को एक धारदार तलवार के साथ गिरफ्तार किया है. तीनों ही मामलों में पुलिस ने धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, वे यह हथियार कहां से लाए और इसका मकसद क्या है?

# पति निकला सीरियल रेपिस्ट, 5 लड़कियों को एक ही तरीके से बनाया शिकार

- मैट्रिमोनियल साइट पर खाद्य अधिकारी बन पुलिसकर्मी से रचाई शादी
- कोर्ट के एक फोन ने खोला सीरियल रेपिस्ट का काला चिट्ठा

**इंदौर.** शहर में एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने वैवाहिक वेबसाइटों की सुरक्षा और उन पर मिलने वाले रिश्तों की सच्चाई पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं. शादी के नाम पर भरोसा जीतकर लड़कियों की जिंदगी बर्बाद करने वाले एक सीरियल रेपिस्ट का पर्दाफाश हुआ है. कई लड़कियों को गर्भवती होने पर पता चला कि पति बनकर साथ रहने वाला शख्स 'सीरियल रेपिस्ट' है. ताजा मामला एक पुलिसकर्मी से संबंधित है. उसे तो तब पता चला, जब कोर्ट से खबर आई कि आपके पति को दुष्कर्म के आरोप में 10 साल की सजा सुनाई गई है.

राजगढ़ -ब्यावरा का रहने वाला यह आरोपी शातिर अपराधी है, जिसने शादी डॉटकॉम के माध्यम से खुद को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रूप में पेश किया. इसी वर्ष मार्च में उसकी मुलाकात पीड़िता (इंदौर में पदस्थ महिला पुलिसकर्मी) से हुई. आरोपी ने न केवल अपनी झूठी पहचान बताई, बल्कि यह भी दावा किया कि वह पीड़िता के ही समाज से है. इस रसूखदार पहचान और समाज के जुड़ाव को देखकर पीड़िता के परिजन भी शादी के लिए राजी हो गए और आरोपी का युवती के घर आनाजाना शुरू हो गया.

### प्रमोशन के लिए रिश्वत के नाम पर लाखों ठगे

शादी का झांसा देकर आरोपी ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए. जब पीड़िता गर्भवती हुई और परिजनों ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी बहाने बनाने लगा. हालांकि, बाद में उसने एक महंगे गार्डन में धूमधाम से शादी रचा ली. शादी के बाद भी उसकी ठगी जारी रही. उसने खुद के प्रमोशन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत देने के नाम पर पीड़िता से लाखों रुपए ऐंठ लिए. युवती अपने पति के भविष्य के लिए उसे पैसे देती रही, इस बात से अनजान कि वह एक पेशेवर अपराधी के साथ रह रही है.

### कोर्ट से फोन आने के बाद फटी रह गई आंखें

इस धोखे का खुलासा उस समय हुआ, जब पीड़िता के पास जिला कोर्ट से एक कॉल आया. फोन पर बताया गया कि उसके पति को दुष्कर्म के एक मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई है. बदहवास हालत में महिला पुलिसकर्मी कोर्ट पहुंची, तो वहां मौजूद अफसरों ने जो बताया वह रोंगटे खड़े कर देने वाला था. अधिकारियों ने खुलासा किया कि जिस व्यक्ति के साथ वह रह रही है, वह अब तक पांच लड़कियों के साथ इसी तरह का कृत्य कर चुका है. हीरानगर थाने में दर्ज एक पुराने केस में विशेष न्यायाधीश अनिता सिंह ने उसे यह सजा सुनाई है.

# 17 बसों और 59 ऑटो/ई-रिक्शा चालकों के बनाए चालान

- यातायात व्यवस्था सुधारने ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी




**इंदौर. शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बसों और ऑटो/ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया. अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 बसों और 59 ऑटो/ई-रिक्शा पर चालानी कार्रवाई की गई.**

डीसीपी यातायात आनंद कलादगी ने बताया कि कई बस चालक प्रतिबंधित क्षेत्रों में बस खड़ी कर सवारियों को चढ़ा-उतार रहे थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था. इसके अलावा बसों में क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाना, निर्धारित वर्दी न पहनना, अनियमित तरीके से बस खड़ी करना और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करना भी पाया गया. इन सभी उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई. अभियान के दौरान ई-रिक्शा और ऑटो चालकों पर भी सख्त नजर रखी. वन-वे, ओवरलोडिंग, नो पार्किंग जैसे नियमों का उल्लंघन करने वाले 59 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की है. पुलिस ने सभी बस संचालकों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित क्षेत्रों में वाहन न खड़ा करें, निर्धारित स्थानों पर ही सवारी चढ़ाएं और उतारें, क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं, चालक शराब के नशे में वाहन न चलाएं, चालक निर्धारित वर्दी में रहें और बस स्टॉफ का व्यवहार सवारियों के प्रति अच्छा हो. डीसीपी का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा. उन्होंने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा व नियमों का पालन करने का आग्रह किया है.

# लिट चौक सीजन 5 का रंगारंग शुभारंभ

- साहित्य, लेखन, साइबर क्राइम, फिल्म आदि विषयों पर हुई बेबाक चर्चा



**इंदौर.** शुक्रवार को बहुत ही गरिमामय समारोह में तीन दिवसीय लिट चौक सीजन 5 का रंगारंग शुभारंभ हुआ. पहले दिन साहित्य, कला, लेखन, प्रकाशन, साइबर क्राइम, फिल्म, रक्षा सेवाएं आदि विषयों पर बेबाक चर्चा हुई. यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक निखिल दवे ने दी. उन्होंने बताया कि लिट चौक का मकसद समाज, संस्कृति और समकालीन मुद्दों पर सार्थक उत्सव का रूप देना है. लिट चौक मात्र आयोजन नहीं, विचार, संवाद और संस्कृति का साझा मंच है, जहां हर वर्ग के लोग जुड़े हैं.

लिट चौक की शुरूआत डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया की लेखक नवीन चौधरी से बातचीत से हुई. विषय था-क्लिक के पीछे छिपा अपराध. इस विषय पर दंडोतिया ने कहा कि साइबर क्राइम किसी के भी साथ और किसी भी जगह पर हो सकता है और इन दिनों इनकी संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है. हर वर्ग के लोग इसका शिकार हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि केवल 20 फीसदी लोग ही साइबर क्राइम के खिलाफ पुलिस थाने या साइबर थाने में शिकायत करते हैं, क्योंकि हमारे यहां जागरूकता की बड़ी कमी है. उन्होंने कहा कि कभी भी अज्ञात-मोबाइल काल रिसीव नहीं करें. अज्ञात लिंक, वेबसाइट, मैसेज ओपन न करें. बिना सोचे समझे फेसबुक फ्रैंड नहीं बनाएं. किसी भी वीडियो को लाइक नहीं करें. उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम विभाग अब कई पीड़ितों को अपना पैसा दिला रहा है. इस वर्ष ही 14 करोड़ रुपए दिलवाए. दंडोतिया ने युवाओं द्वारा पूछे गए सवालों के संतोषजनक जवाब दिए.

**जलवायु परिवर्तन बड़ी चुनौती-** दूसरे सत्र में शब्दों में स्त्री लेखन से प्रकाशन तक विषय पर अदिति माहेश्वरी, अंकिता जैन, प्रियंका दुबे के बीच चर्चा हुई. वक्ताओं ने कहा कि देश के कई महानगर अच्छी आबोहवा के लिए संघर्ष कर रहे हैं. उस पर लिखना चाहिए. जलवायु परिवर्तन बड़ी चुनौती है. ऑस्ट्रेलिया के पास एक देश डूब चुका है. समुद्र का स्तर बढ़ रहा है. पहाड़ी क्षेत्रों में बाढ़ आ रही है. दिल्ली में प्रदूषण के कारण सूरज नहीं दिखता.

**एक जैसे काम करते रहने से मजा नहीं आता- सलोनी गौर-** तीसरे सत्र में हास्य पर चर्चा हुई. कॉमेडियन सलोनी गौर ने कहा कि खुद के दिमाग से कई बार जोक नहीं आते, इसलिए ब्रेक लेना चाहिए. हम एक जैसा काम करते हैं तो मजा नहीं आता, काम में विविधता होना चाहिए. अदिति ने कहा कि आप गलत कंटेंट बनाएं तो पब्लिक ही अहसास करा देती है.

### पेड़ का पत्ता ही परमात्मा है - पीपल बाबा

चौथा सत्र पर्यावरण पर केंद्रित था. इस विषय पर लेखिका अंकिता चौधरी ने पर्यावरणविद पीपल बाबा से बात की. पीपल बाबा ने कहा कि पेड़ का पत्ता ही परमात्मा है, पत्ते से क्लोरोफिल मिलता है, उससे फोटो सिंथेसिस बनता है और उससे ऑक्सीजन से हम सांस लेते हैं और वह हमें जीवन देती है. उन्होंने आगे कहा कि अपनी खुशी के लिए पेड़ लगाओ, खेती करो, क्योंकि समय बीत रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ मुंह करके मत बैठो. किसी का इंतजार मत करो. सडक़ निर्माण या पुल निर्माण के नाम पर जितने पेड़ काटे हैं, उतने तो लगाओ.



### गरीब कैंसर रोगियों को दे रहे नि:शुल्क कीमोथैरेपी

**इंदौर.** कैंसर एक ऐसी खतरनाक और जानलेवा बीमारी है जिसका इलाज बड़ा मंहगा व खर्चीला है और इसे वहन करना आम व्यक्ति के बूते की बात नहीं है. आज कैंसरजन्य पीड़ितों के लिए संस्था उम्मीद ईमानदारी और समर्पण भाव से सेवा कार्य कर रही है जो सराहनीय है. इससे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए. ये विचार ओ.पी. रावत पुर्व चुनाव आयुक्त भारत सरकार के हैं, जो उन्होंने रॉबर्ट नर्सिंग होम में संचालित कीमोथैरपी डे केयर सेंटर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर व्यक्त किए. यह जानकारी देते हुए परामर्शदाता योगेंद्र सांड ने बताया कि विगत 3 वर्षो से यह कीमोथेरिपी डे केयर सेंटर समाज के सहयोग से संचालित किया जा रहा है. इस सेंटर पर अभी तक प्रदेश व प्रदेश के बाहर से लगभग 8500 कैंसर पीड़ित मरीजों को कीमोथेरेपी चिकित्सा दी गई जिसमें 1000 मरीज़ों की कीमोथैरेपी निशुल्क की गई. संस्था उम्मीद को और अधिक जनसहयोग मिला तो निशुल्क कीमोथेरेपी की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी भी की जा सकती है. कैंसर सर्जन डॉ. गौरव खंडेलवाल ने बताया कि सेंटर में कीमोथेरेपी पर 70 से 80 प्रतिशत रियायत व ग़रीबी रेखा के नीचे गुजर बसर करने वाले को यह थेरेपी नि:शुल्क दी जा रही है, जबकि अन्य सेंटरों पर यह थेरेपी लगंभग 20 से 25 हजार रुपए में हो रही है. यह कीमोथेरेपी डे केयर सेंटर आधुनिक सुविधाओ से लेस है और यहां कैंसर पीड़ित मरीजों की केवल कीमोथेरेपी ही होती है। यहां प्रदेश और दूसरे राज्यों के कैंसर पीड़ित मरीज इलाज के लिये बड़ी संख्या में आते हैं. अतिथि स्वागत एन. जेजेश्वर राव उप प्रबंधक बैंक आफ़ इंडिया. पारस कटारिया, दिलीप सी. जैन, अनोखीलाल जैन.ने किया. संचालन किया अनुरोध जैन ने और अर्पण जैन ने आभार माना.




# एआई व साइबर सिक्योरिटी पर वर्कशाप का आयोजन

**इंदौर.** इंदौर डाक परिक्षेत्र कार्यालय के सभागार में पोस्टमास्टर जनरल इंदौर परिक्षेत्र प्रीति अग्रवाल की अध्यक्षता में एआई एवं साइबर सुरक्षा पर प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट का दृष्टिकोण विषय पर एक वर्कशाप का आयोजन किया गया. वर्कशाप में गौरांग कात्याल प्राडक्ट फार साइबर सिक्योरिटी एवं मोबाइल एप इंटेग्रिटी मेटा प्रमुख (पूर्व) द्वारा इंदौर में कार्यरत डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोजक्ट मैनेजमेन्ट में एआई और साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. श्री कात्याल द्वारा एआई के माध्यम से प्रोडक्टिव एनालिसिस एवं रियल टाईम मानीटरिंग द्वारा विभाग की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं ग्राहक सुविधाओं में वृद्धि के साथ विभाग के वर्तमान डिजिटल कार्यशैली के परिदृश्य में संभावित साइबर हमलों के खतरों से सुरक्षा हेतु उपयोगी सुझाव दिये गये. इस अवसर पर इंदौर शहर में कार्यरत विभाग के सभी अधिकारीगण व क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर के समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे.

## एक नजर में

**छत्रीबाग रामद्वारा आगमन पर भक्तों ने की अगवानी, आज और कल भी होगी प्रवचनों की अमृतवर्षा**

# संतों के सानिध्य में राम का नाम साकार हो उठता है : रामदयाल महाराज

**इंदौर.** हम सबके जीवन में राम नाम के बिना सन्मति नहीं मिल सकती. जीवनभर हम दौड़धूप कर चाहे जितनी संपत्ति एकत्र कर लें, सन्मति तो हमें राम नाम से ही प्राप्त होगी. जीवन का सार राम नाम में ही निहित है. धर्मग्रन्थों में भी जीवन को दिशा देने की अनेक अनमोल बातें मिलती हैं लेकिन राम के नाम बिना उन बातों की सार्थकता नहीं हो सकती. संत विद्वानों के सानिध्य में राम का नाम जीवंत और साकार हो उठता है. अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के आद्याचार्य स्वामी रामचरण महाराज ने अपने जीवनभर राम नाम की महिमा को जन-जन तक पहुँचाया.

ये विचार हैं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य स्वामी रामदयाल महाराज के, जो उन्होंने शुक्रवार को छत्रीबाग स्थित रामद्वारा में आयोजित सत्संग सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए.



स्वामी रामदयाल महाराज के रामद्वारा आगमन पर रामद्वारा ट्रस्ट की ओर से लक्ष्मी कुमार मुछाल, रामसहाय विजयवर्गीय, रामनिवास मोड़, देवेन्द्र कुमार मुछाल, गिरधर गोपाल नेमा, हेमंत काकानी एवं वासुदेव सोलंकी ने उनकी अगवानी कर आरती उतारी. स्वामी रामदयाल महाराज छत्रीबाग रामद्वारा पर रविवार, 21 दिसम्बर तक विराजमान रहकर प्रतिदिन प्रात: 9 से 11 एवं अपराह्न 4 से शाम 6 बजे तक श्रद्धालुओं को पावन सानिध्य प्रदान करेंगे. वे रविवार को प्रात: 8.30 से 9.30 बजे तक अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा के बाद गुजरात के डाकोरजी के लिए प्रस्थान करेंगे. उसके पूर्व शनिवार को भी सुबह 8 से 11 और शाम 4 से 6 बजे तक भक्तों से मिलकर उनकी धार्मिक-आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का भी प्रश्नोत्तरी के माध्यम से समाधान करेंगे.

### तपस्या के बाद मिलती है संतों की सन्निधि

स्वामी रामदयाल महाराज ने कहा कि आद्याचार्य स्वामी रामचरण महाराज ने जीवन पर्यन्त राम नाम की साधना और तपस्या की. ब्रह्म के बारे में उनकी अनुभूति से लगता है कि जीवन का सार राम नाम में ही मौजूद है. ऐसा लगता है कि उनका जन्म नहीं, अवतरण हुआ है। छत्रीबाग रामद्वारा ऐसी तपोभूमि है जिसके कण-कण में राम नाम का पुण्य रचा बसा है. यहाँ आ जाने के बाद फिर कहीं और जाने का मन नहीं होता. संत और महापुरुषों की सन्निधि हमारे अनंत जन्मों की तपस्या के बाद ही मिल पाती है. हम सब सौभाग्यशाली हैं जिन्हें सहज ही इस कलिकाल में भी महापुरुषों का सानिध्य मिल रहा है।